DHC-III, जयपुर

राजस्थान सरकार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

क्रमांकः एफ 15 () सा.सु./म.क./ट्रांसजेण्डर/सान्याअवि/2021–22/10459 जयपुर, दिनांक : 23-02-2022

मुख्य सम्पदा प्रबन्धक
राजस्थान आवासन मण्डल
आवास भवन, जनपथ ज्योति नगर,
जयपुर

AHC
25-2-22

CEM/1939
24/2/22

विषयः– जयपुर शहर में उभयलिंगी समुदाय के व्यक्तियों हेतु सामुदायिक भवन, एकल खिड़की एवं वृद्धाश्रम के निर्माण के लिए निःशुल्क भूमि आवंटन बाबत।

प्रसंगः– आपका पत्र क्रमांक मुसप्र/982 दिनांक 18.01.2022

28/2

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के सन्दर्भ में लेख है माननीय मुख्यमंत्री महोदय की वित्तीय वर्ष 2021–22 की बजट घोषणा के बिन्दु संख्या 114 की अनुपालना में ट्रांसजेण्डर समुदाय के व्यक्तियों हेतु जयपुर शहर में सामुदायिक भवन, एकल खिड़की एवं वृद्धाश्रम के निर्माण के लिये 4000 वर्ग मी0 निःशुल्क भूमि आवंटन करवाने हेतु पत्र लिखा था। जिसके क्रम में आप द्वारा निःशुल्क भूमि आवंटन हेतु निर्धारित प्रपत्र "स" चाहा गया है।

अतः पत्र के साथ प्रपत्र "स" आवश्यक सूचनाओं सहित संलग्न कर आपको भिजवाया जा रहा है। कृपया प्रतापनगर, सागानेर, अथवा इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर में निःशुल्क भूमि आवंटन करवाने का श्रम करावें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

(ओ.पी. बुनकर)
निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव

प्रपत्र–स

सरकारी विभागों/स्वायत्तशासी संस्थाओं/निगमों को भूमि आवंटन हेतु प्रार्थना पत्र

क.सं.	विवरण	आवेदक संस्था द्वारा भरा जाना
1–	विभाग/संगठन का नाम	सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान जयपुर
2–	प्रार्थी का नाम व पदनाम (अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)	निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव,
3–	डाक पता, टेलीफोन नं., मोबाईल नं. एवं मेल आई.डी.	अम्बेडकर भवन, बी –3/1, राजमहल रेजीडेन्सी क्षेत्र, जयपुर फोन नं. : 0141–2220258 मेल आई.डी. – raj.sje@rajasthan.gov.in
4–	भूमि आवंटन का उद्‌देश्य	ट्रांसजेण्डर समुदाय वर्ग के व्यक्तियों हेतु सामुदायिक केन्द्र एवं वृद्धाश्रम।
5–	चाहे गये क्षेत्रफल का विवरण (यदि कोई हो तो)	सामुदायिक केन्द्र – 1500 वर्ग मी0 वृद्धाश्रम – 1000 वर्ग मी0 (विभाग के छात्रावासों हेतु अनुमोदित भूमि क्षेत्रफल) (प्रतापनगर, सांगानेर या इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा में)
6–	भूमि का क्षेत्रफल (वर्ग मीटर में)	2500 वर्ग मी0
7–	प्रोजेक्ट रिपोर्ट का सारांश (संस्थान, अनुमानित निवेश, निर्मित होने वाला क्षेत्रफल व समाज को होने वाले लाभों बाबत् संक्षिप्त विवरण)	ट्रांसजेण्डर वर्ग के व्यक्तियों की समुचित सुरक्षा व देखरेख हेतु
8–	संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज	
	i– प्रोजेक्ट के बाबत् प्रशासनिक निर्णय की प्रति	प्रशासनिक निर्णय की कार्यालय टिप्पणी संलग्न है।
	ii– चाही गई भूमि बाबत् विभागीय मानक (Norms)	भूमि हेतु विभागीय मानको की कार्यालय टिप्पणी संलग्न है।
	iii– वित्तीय स्वीकृति/बजट प्रावधान का विवरण	50.00 लाख रूपये बजट स्वीकृति कार्यालय टिप्पणी संलग्न है।
	iv– प्रोजेक्ट रिपोर्ट (चाही गई भूमि पर बनने वाले प्रोजेक्ट बाबत् मुख्य विवरण)	1)उभयलिंगी व्यक्तियों को प्राप्त संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करते हुये इन्हे सामाजिक आश्रय एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना। 2) उभयलिंगी व्यक्तियों को सामाजिक सम्मान एवं सुरक्षा के साथ–साथ समुचित वित्तीय सहायता, आवास व्यवस्था, चिकित्सा सेवाये, शिक्षा, रोजगार, आर्थिक सम्बल सम्बल उपलब्ध कराना एवं समाज की मुख्यधारा से

		जोड़ा जाना है। 3) उक्त भूमि पर उभयलिंगी व्यक्तियों हेतु सामुदायिक भवन एवं वृद्वाश्रम (50व्यक्तियों की स्वीकृत क्षमता) का निर्माण किया जावेगा तथा उक्त भवन में एकल खिडकी का संचालन भी किया जावेगा।

यह प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सूचनाएं मेरी जानकारी व विश्वास के अनुसार सत्य है व कुछ भी नहीं छुपाया गया है। संस्थान/कम्पनी/आवेदनकर्ता आवंटन की शर्तो/निर्देशों व उप–विधियां आदि की समस्त शर्तो की पूर्णतः पालना करेगा। शर्तो की अवहेलना करने पर आवंटन करने वाला शहरी निकाय (Urban Body) आवंटन निरस्त करने, भवन, भूमि पर बने अन्य निर्माण को कब्जे में लेने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

दिनांक : 23-02-2022
स्थान : जयपुर

नाम व पद

अधिकृत हतस्ताक्षरकर्ता
(Om Prakash Bunkar)
Director & Ex Officio Joint Secretary
Social Justice & Empowerment Department
Rajasthan, JAIPUR